# उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की कार्य-सूची

-----------

सोमवार, 07 श्रावण, शक संवत् 1946

(29 जुलाई, 2024)

--------

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न**

1-वन्दे मातरम्। (देखिये नत्थी 'क')

2-श्री सभापति, विधान परिषद्, सदन के दिनांक 29 जुलाई, 2024 से दिनांक 02 अगस्त, 2024 तक के तिथिवार कार्यक्रम के सम्बन्ध में कार्य-परामर्शदात्री समिति की संस्तुति, सदन की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करेंगे।

(संस्तुति की सूचना के लिये देखिये नत्थी 'ख')

3-प्रश्न। (देखिये नत्थी 'ग')

4-निधन के निदेश।

5-प्रमुख सचिव, विधान परिषद् घोषणा करेंगे कि :-

(1) उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2024 पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 26 फरवरी, 2024 को प्राप्त हो गई है और वह उत्तर प्रदेश का सन् 2024 ई0 का पहला अधिनियम बना।

(2) उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक, 2024 पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 26 फरवरी, 2024 को प्राप्त हो गई है और वह उत्तर प्रदेश का सन् 2024 ई0 का दूसरा अधिनियम बना।

(3) उत्तर प्रदेश लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त (संशोधन) विधेयक, 2024 पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 26 फरवरी, 2024 को प्राप्त हो गई है और वह उत्तर प्रदेश का सन् 2024 ई0 का तीसरा अधिनियम बना।

(4) उत्तर प्रदेश लिफ्ट और एस्केलेटर विधेयक, 2024 पर राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 26 फरवरी, 2024 को प्राप्त हो गई है और वह उत्तर प्रदेश का सन् 2024 ई0 का चौथा अधिनियम बना।

6-मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण अध्यादेश, 2024 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-4 सन् 2024) को सदन की मेज पर रखेंगे।

7-मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश नजूल सम्पत्ति (लोक प्रयोजनार्थ प्रबन्ध और उपयोग) अध्यादेश, 2024 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-5 सन् 2024) को सदन की मेज पर रखेंगे।

8-मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अध्यादेश, 2024 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-6 सन् 2024) को सदन की मेज पर रखेंगे।

9-मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश आपराधिक विधि संशोधन अध्यादेश, 2024 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-7 सन् 2024) को सदन की मेज पर रखेंगे।

10-मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश विशेष विधियाँ (संशोधन) अध्यादेश, 2024 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-8 सन् 2024) को सदन की मेज पर रखेंगे।

11-उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 2024 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-1 सन् 2024) को सदन की मेज पर रखेंगे।

12-उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2024 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-2 सन् 2024) को सदन की मेज पर रखेंगे।

13-उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (तृतीय संशोधन) अध्यादेश, 2024 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-3 सन् 2024) को सदन की मेज पर रखेंगे।

14-उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (चतुर्थ संशोधन) अध्यादेश, 2024 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-9 सन् 2024) को सदन की मेज पर रखेंगे।

15-उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (पांचवां संशोधन) अध्यादेश, 2024 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-10 सन् 2024) को सदन की मेज पर रखेंगे।

16-उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (छठवां संशोधन) अध्यादेश, 2024 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-11 सन् 2024) को सदन की मेज पर रखेंगे।

17-उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 2024 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-12 सन् 2024) को सदन की मेज पर रखेंगे।

18-मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सूचना आयोग के वर्ष 2021-22 के वार्षिक प्रतिवेदन को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा-25 की उपधारा (4) के अधीन सदन की मेज पर रखेंगे।

19-वित्त मंत्री, उत्तर प्रदेश स्थानीय निधि लेखा परीक्षा अधिनियम, 1984 की धारा-8 की उपधारा (3) के अधीन विलम्ब के कारण सहित सदन की मेज पर रखेंगे।

20-वित्त मंत्री, त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2017-18 को उत्तर प्रदेश पंचायत राज (सत्रहवाँ संशोधन) नियमावली, 2011 के नियम-186 एवं उत्तर प्रदेश जिला पंचायत तथा क्षेत्र पंचायत (बजट तथा सामान्य लेखा) (छठवां संशोधन) नियमावली, 2011 के नियम-176 के अधीन विलम्ब के कारण सहित सदन की मेज पर रखेंगे।

21-जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री, राज्य बांध सुरक्षा संगठन की वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 को बांध सुरक्षा अधिनियम, 2021 की धारा-45 की उपधारा (1) के अधीन सदन की मेज पर रखेंगे।

22-खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री, उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ का वर्ष 2015-16 एवं 2016-17 का संकलित प्रमाणित आर्थिक चिट्ठा (वार्षिक लेखा) एवं महालेखाकार द्वारा सम्पादित पृथक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन वर्ष 2015-16 तथा वर्ष 2016-17 को उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड अधिनियम, 1960 की धारा-30 की उपधारा (5) के अधीन सदन की मेज पर रखेंगे।

23-दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री यह प्रस्ताव करेंगे कि :-

''यह सदन, जिस प्रकार तथा जिस तिथि को माननीय सभापति महोदय आदेश दें, दिव्यांगता पर गठित राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठक हेतु सलाहकार बोर्ड के पदेन

सदस्य के रूप में कार्य करने हेतु दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा-66 की उपधारा (2) के खण्ड (घ) के अनुसार विधान परिषद् के एक माननीय सदस्य का निर्वाचन करे।''

24-वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रदेश में साखू के पौधों का रोपण वन विभाग के अधिकारियों द्वारा कराये जाने के सम्बन्ध श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी व श्री अक्षय प्रताप सिंह, सदस्य, विधान परिषद् द्वारा दिनांक 06 फरवरी, 2024 को नियम-110 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर कृत कार्यवाही से सदन को अवगत करायेंगे ।

25-नगर विकास मंत्री, जनपद-सोनभद्र के नगर पंचायत-घोरावल की सीमा विस्तार कराये जाने के सम्बन्ध में श्री आशुतोष सिन्हा व डा0 मान सिंह यादव, सदस्य, विधान परिषद् द्वारा दिनांक 06 फरवरी, 2024 को नियम-110 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर कृत कार्यवाही से सदन को अवगत करायेंगे।

26-नगर विकास मंत्री, जनपद-हरदोई के विकास खण्ड मल्लावां की ग्राम सभा-गंज जलालाबाद को नगर पंचायत का दर्जा दिलाये जाने के सम्बन्ध में इंजी0 अवनीश कुमार सिंह व श्री उमेश द्विवेदी, सदस्य, विधान परिषद् द्वारा दिनांक 07 फरवरी, 2024 को नियम-110 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर कृत कार्यवाही से सदन को अवगत करायेंगे ।

27-ऊर्जा मंत्री, जनपद व तहसील-अमेठी के ग्राम कडेरगांव, मजरे पिण्डोरिया में सैकड़ों घरों के ऊपर से जाने वाली 11 हजार वोल्ट की लाइन को स्थानान्तरित करवाये जाने के सम्बन्ध में डा0 धर्मेन्द्र सिंह व श्री गोविन्द नारायण शुक्ल, सदस्य, विधान परिषद् द्वारा दिनांक 07 फरवरी, 2024 को नियम-110 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर कृत कार्यवाही से सदन को अवगत करायेंगे।

28-वित्त मंत्री, उ0प्र0 के कर्मचारी पुरुषों को बाल्य देख-भाल अवकाश की व्यवस्था कराये जाने के सम्बन्ध में श्री आशुतोष सिन्हा व श्री लाल बिहारी यादव, सदस्य, विधान परिषद् द्वारा दिनांक 07 फरवरी, 2024 को नियम-110 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर वक्तव्य देंगे।

29-नगर विकास मंत्री, जनपद-फतेहपुर के नगर पालिका परिषद् बिन्दकी में पी0डब्लू0डी0 द्वारा अतिक्रमण अभियान में गिरा दी गयी दुकानों के स्वामियों को दुकानें

उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में श्री लाल बिहारी यादव, सदस्य, विधान परिषद् द्वारा दिनांक 07 फरवरी, 2024 को नियम-111 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर वक्तव्य देंगे।

30-नगर विकास मंत्री, जनपद-उन्नाव के नगर पालिका परिषद् गंगाघाट में नियुक्त/कार्यरत दैनिक वेतन एवं संविदा कर्मियों के विनियमितीकरण के सम्बन्ध में श्री भीमराव अम्बेडकर, पूर्व सदस्य, विधान परिषद् द्वारा दिनांक 08 फरवरी, 2024 को नियम-111 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर वक्तव्य देंगे।

31-ऊर्जा मंत्री, जनपद-झांसी, ग्राम-धौरा, विकास खण्ड-मऊरानीपुर में गौशाला एवं विधिया मुहल्ले में ट्रांसफार्मर लगाये जाने के सम्बन्ध में श्रीमती रमा निरंजन, सदस्य, विधान परिषद् द्वारा दिनांक 09 फरवरी, 2024 को नियम-111 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर वक्तव्य देंगे।

32-मुख्य मंत्री, प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा शासनादेशों का उल्लंघन कर मनमानी/भेदभाव की कार्यवाही रोके जाने के सम्बन्ध में श्री सुरेन्द्र चौधरी, सदस्य, विधान परिषद् द्वारा दिनांक 10 फरवरी, 2024 को नियम-111 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर वक्तव्य देंगे।

33-ऊर्जा मंत्री, जनपद-अमरोहा के राणा सिंह मेमोरियल इण्टर कालेज, खण्डसाल कला की विद्युत लाइन घरेलू लाइन से जोड़ कर अलग ट्रांसफार्मर लगाये जाने के सम्बन्ध में डा0 हरी सिंह ढिल्लो, सदस्य, विधान परिषद् द्वारा दिनांक 10 फरवरी, 2024 को नियम-111 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर वक्तव्य देंगे।

34-श्री पवन कुमार सिंह, सदस्य, विधान परिषद्, सदन की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली के नियम-215 के अन्तर्गत ग्राम गोधनी सरैंया, मजरा बड़हीडीहा, विकास खण्ड-बिसवां, जनपद-सीतापुर के निवासियों की ओर से सड़क का निर्माण करवाये जाने के सम्बन्ध में दी गई याचिका प्रस्तुत करेंगे।

(याचिका के लिए देखिये नत्थी 'घ')

35-श्री पवन कुमार सिंह, सदस्य, विधान परिषद्, सदन की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली के नियम-215 के अन्तर्गत ग्राम-बजेहरा, विकास खण्ड-बिसवां, जनपद-सीतापुर के

निवासियों की ओर से इण्टरलॉकिंग सड़क का निर्माण करवाये जाने के सम्बन्ध में दी गई याचिका प्रस्तुत करेंगे।

(याचिका के लिए देखिये नत्थी 'ङ')

36–डा0 मान सिंह यादव, सदस्य, विधान परिषद्, सदन की प्रक्रिया तथा कार्य–संचालन नियमावली के नियम–215 के अन्तर्गत ग्राम-भैंसा, पोस्ट-कछवां, जनपद-मिर्जापुर के निवासियों की ओर से सी0सी0 सड़क व नाली का निर्माण करवाये जाने के सम्बन्ध में दी गई याचिका प्रस्तुत करेंगे।

(याचिका के लिए देखिये नत्थी 'च')

लखनऊ :
सोमवार, 07 श्रावण, शक संवत् 1946
(29 जुलाई, 2024)

आज्ञा से,
**डा0 राजेश सिंह,**
प्रमुख सचिव।

## नत्थी ‘क’

# वन्दे मातरम्

वन्दे मातरम्। वन्दे मातरम्।।

सुजलाम्।

सुफलाम्।

मलयज शीतलाम्।

शस्य श्यामलाम्।

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

शुभ्र-ज्योत्सना-पुलकित-यामिनीम्

फुल्ल-कुसुमित-द्रुमदल-शोभिनीम्

सुहासिनीम्

सुमधुर भाषिणीम्

सुखदाम्

वरदाम्

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

------

# नत्थी 'ख'

उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की कार्य-परामर्शदात्री समिति ने अपनी दिनांक 28 जुलाई, 2024 की बैठक में सदन के दिनांक 29 जुलाई, 2024 से 02 अगस्त, 2024 तक के तिथिवार कार्यक्रम को निम्नलिखित रूप में रखे जाने की संस्तुति की है :-

**<u>जुलाई, 2024</u>**

| | |
|---|---|
| 29 सोमवार | 1-निधन के निदेश। |
| | 2-विधायी कार्य। |
| | 3-अन्य कार्य, यदि कोई हों। |
| 30 मंगलवार | 1-**<u>12:20 बजे अपराह्न</u>** |
| | वित्तीय वर्ष 2024-2025 के अनुपूरक अनुदानों की मांगों का प्रस्तुतिकरण। |
| | 2-अन्य कार्य, यदि कोई हों। |
| 31 बुधवार | 1-विधायी कार्य। |
| | 2-अन्य कार्य, यदि कोई हों। |

**<u>अगस्त, 2024</u>**

| | |
|---|---|
| 01 गुरुवार | 1-वित्तीय वर्ष 2024-2025 के अनुपूरक अनुदानों पर सामान्य चर्चा तथा तत्सम्बन्धी विनियोग विधेयक, जैसा विधान सभा द्वारा पारित होगा, पर विचार एवं उसका पारण। |
| | 2-असरकारी दिवस (आधा दिन)। |
| 02 शुक्रवार | 1-विधायी कार्य। |
| | 2-अन्य कार्य, यदि कोई हों। |

----------

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने/ प्राप्त होने की तिथि |
|---|---|
| *1 | 16-4-2024 |
| *2 | 16-4-2024 |
| *3 | 16-4-2024 |
| *4 | 16-4-2024 |
| *5 | 16-4-2024 |
| *6 | 2-5-2024 |
| *7 | 28-6-2024 |
| *8 | 19-7-2024 |
| *9 | 20-7-2024 |
| *10 | 20-7-2024 |
| *11 | 20-7-2024 |
| *12 | 20-7-2024 |
| *13 | 20-7-2024 |
| *14 | 20-7-2024 |
| *15 | 20-7-2024 |
| *16 | 20-7-2024 |
| *17 | 20-7-2024 |
| *18 | 20-7-2024 |
| *19 | 20-7-2024 |
| *20 | 20-7-2024 |
| *21 | 20-7-2024 |
| *22 | 20-7-2024 |
| *23 | 20-7-2024 |
| *24 | 20-7-2024 |
| *25 | 20-7-2024 |

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने/ प्राप्त होने की तिथि |
|---|---|
| **अतारांकित प्रश्न** | |
| 1 | 16-4-2024 |
| 2 | 16-4-2024 |
| 3 | 16-4-2024 |
| 4 | 16-4-2024 |
| 5 | 16-4-2024 |
| 6 | 16-4-2024 |
| 7 | 16-4-2024 |
| 8 | 16-4-2024 |
| 9 | 16-4-2024 |
| 10 | 16-4-2024 |
| 11 | 16-4-2024 |
| 12 | 16-4-2024 |
| 13 | 16-4-2024 |

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने/ प्राप्त होने की तिथि |
|---|---|
| 14 | 16-4-2024 |
| 15 | 16-4-2024 |
| 16 | 16-4-2024 |
| 17 | 16-4-2024 |
| 18 | 16-4-2024 |
| 19 | 16-4-2024 |
| 20 | 16-4-2024 |
| 21 | 16-4-2024 |
| 22 | 16-4-2024 |
| 23 | 16-4-2024 |
| 24 | 16-4-2024 |
| 25 | 16-4-2024 |
| 26 | 16-4-2024 |
| 27 | 2-5-2024 |
| 28 | 2-5-2024 |
| 29 | 2-5-2024 |
| 30 | 2-5-2024 |
| 31 | 2-5-2024 |
| 32 | 2-5-2024 |
| 33 | 2-5-2024 |
| 34 | 2-5-2024 |
| 35 | 2-5-2024 |
| 36 | 2-5-2024 |
| 37 | 2-5-2024 |
| 38 | 2-5-2024 |
| 39 | 2-5-2024 |
| 40 | 2-5-2024 |

# नत्थी 'ग'

सोमवार, दिनांक 29 जुलाई, सन् 2024 ई0

---------

## तारांकित प्रश्न

### प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना बहाल किये जाने के सम्बन्ध में

डा0 मान सिंह यादव
1

*1-(क) क्या वित्त मंत्री बतायेंगे कि दिनांक 01 जनवरी, 2024 से 07 मार्च, 2024 तक पुरानी पेंशन बहाल किये जाने हेतु मुख्य मंत्री/वित्त मंत्री/अपर मुख्य सचिव, वित्त को सम्बोधित प्रदेश के विभिन्न कर्मचारी संगठनों के कितने पत्र प्राप्त हुए हैं ?

वित्त मंत्री

(ख) क्या नई पेंशन योजना के अन्तर्गत कर्मचारियों में असन्तोष व्याप्त है ?

(ग) क्या पुरानी पेंशन बहाल किये जाने की वर्तमान में सरकार के पास कोई कार्य योजना है ?

(घ) उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

**उत्तर प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 में गन्ना किसानों के बकाये भुगतान तथा सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के सम्बन्ध में**

श्री आशुतोष सिन्हा 2 — गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री

*2-(क) क्या गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 में गन्ना किसानों के कितने रुपये बकाये का भुगतान किया गया है और कितने रुपये बकाये का भुगतान अवशेष है ?

(ख) गन्ना किसानों को उत्तर प्रदेश सरकार इस वित्तीय वर्ष में कोई सुविधायें/मदद देने पर विचार कर रही है ?

(ग) उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

**प्रदेश में विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषदों में 1995 से पूर्व लीज पर दी गयी भूमि/भू-खण्डों को फ्री-होल्ड किये जाने के सम्बन्ध में**

श्री अशोक अग्रवाल 3 — मुख्य मंत्री

*3-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषदों में 1995 से पूर्व लीज पर दी गयी भूमि/भू-खण्ड इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट प्रीमियम भू-खण्ड को फ्री-होल्ड करने की सरकार की नीति क्या है ?

(ख) उक्त नीति की रूप-रेखा सदन की मेज पर रखते हुए यह बतायेंगे कि क्या लखनऊ महानगर में विकास प्राधिकरण के समक्ष वर्ष 2023 में कितने प्रकरण फ्री-होल्ड किये जाने हेतु लम्बित हैं ?

(ग) क्या आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-4 के आदेश संख्या-41, दिनांक 17 जनवरी, 2018 द्वारा इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट की सम्पत्तियों को फ्री-होल्ड किये जाने के सम्बन्ध में उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण को आदेश निर्गत किये गये थे ?

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार उक्त निर्गत आदेश के क्रम में लम्बित लखनऊ विकास प्राधिकरणों के समक्ष प्रकरणों का निस्तारण व फ्री-होल्ड किये जाने हेतु नीति के अन्तर्गत लम्बित भू-खण्डों को फ्री-होल्ड किया जायेगा ?

(ङ) यदि हाँ, तो क्या लखनऊ विकास प्राधिकरण में जिन प्रीमियम भू-खण्डों का 10 प्रतिशत लीज रेंट तथा बकाया 2 प्रतिशत प्रीमियम जमा है उन भू-खण्डों को अभी तक फ्री-होल्ड न किये जाने हेतु उत्तरदायी कौन है ?

(च) जनहित में उक्त भू-खण्डों को कब तक फ्री-होल्ड कर दिया जायेगा ?

**प्रदेश के नगर निगमों/नगर पालिकाओं/टाउन एरिया का परिसीमन कर उनका नगरीय विकास किये जाने के सम्बन्ध में**

श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह
4

नगर विकास मंत्री

*4-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश के किन-किन नगर निगमों/ नगर पालिकाओं/टाउन एरिया का परिसीमन कर उनके क्षेत्रों में बढोत्तरी की गयी है ?

(ख) जो नये क्षेत्र नगर निगमों/ नगर पालिकाओं/टाउन एरिया में सम्मिलित किये गये हैं उनमें नगरीय विकास की कौन-कौन सी सुविधायें दिया जाना आवश्यक है ?

(ग) उक्त क्षेत्रों के नगरीय विकास के लिये सरकार कोई कार्य योजना/नीति बनायेगी ?

(घ) यदि हाँ, तो कब तक ?

(ङ) उक्त कार्यों को सुनिश्चित कराने के लिये आवश्यक बजट कब तक स्वीकृत कर लिया जायेगा ?

**जनपद-सिद्धार्थनगर के गन्ना किसानों को प्रगतिशील किसान बनाने हेतु प्रगति आख्या उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में**

श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी
5

गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री

*5-(क) क्या गन्ना विकास तथा चीनी मिलें मंत्री बतायेंगे कि जनपद सिद्धार्थनगर के गन्ना किसानों को प्रगतिशील किसान बनाने हेतु कोई गन्ना विकास अधिकारी का कार्यालय भी है ?

(ख) यदि हाँ, तो उसमें कुल कितने अधिकारी और कर्मचारी कार्यरत हैं ?

(ग) क्या विभाग की प्राथमिकताओं के क्रियान्वयन हेतु प्रगति आख्या वर्ष 2022-23 तथा 2023-24 का पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

### जनपद-आगरा की सदर तहसील की शमशाबाद रोड पर स्थित कावेरी विहार फेस वन कालोनी में गंगाजल की आपूर्ति कराये जाने के सम्बन्ध में

| | | |
|---|---|---|
| डा0 आकाश अग्रवाल<br>6 | *6-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि आगरा की कुछ कॉलोनी में गंगाजल के पानी की आपूर्ति की जा रही है एवं कुछ कॉलोनी में गंगाजल की आपूर्ति नहीं की जा रही है ?<br><br>(ख) जनपद आगरा की सदर तहसील की शमशाबाद रोड पर स्थित कावेरी विहार फेस वन कॉलोनी में गंगाजल की आपूर्ति कब तक शुरू हो जायेगी ? | नगर विकास मंत्री |

### जनपद-लखनऊ के विकास नगर में स्थित अभिनन्दन पार्क में अनाधिकृत गेट लगा कर कब्जा किये जाने के सम्बन्ध में

| | | |
|---|---|---|
| श्री राज बहादुर सिंह चन्देल<br>7 | *7-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद लखनऊ के सेक्टर-13/1, विकास नगर स्थित अभिनन्दन पार्क में अनाधिकृत गेट लगवा कर निजी कब्जा किये जाने के विरुद्ध गायत्री दिव्यांग सेवा जन समिति विकास नगर, लखनऊ का रजिस्टर्ड पत्र दिनांक 28-11-2023 नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ, मण्डलायुक्त, लखनऊ, जिलाधिकारी, लखनऊ को दिनांक 29-11-2023 तथा प्रमुख सचिव, नगर विकास को दिनांक 08-12-2023 को प्राप्त हुये थे ?<br><br>(ख) यदि हाँ, तो उन पत्रों पर क्या कार्यवाही की गयी ?<br><br>(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ? | नगर विकास मंत्री |

### उ0प्र0 में पिछले पेराई सत्र में जनपदवार गन्ना किसानों के बकाये के सम्बन्ध में

| | | |
|---|---|---|
| श्री शाहनवाज खान<br>8 | *8-(क) क्या गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश में पिछले पेराई सत्र का गन्ना किसानों का कितना-कितना गन्ना मूल्य किस-किस मिल पर जनपदवार समग्र रूप से बकाया है ?<br><br>(ख) क्या सरकार किसानों के बकाया धन का भुगतान संबंधित चीनी मिलों से कराने की मंशा रखती है ?<br><br>(ग) यदि हाँ, तो सरकार इस विषय में क्या कदम उठाने जा रही है ? | गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री |

(घ) जनपद सहारनपुर में स्थित दया शुगर मिल व बजाज शुगर मिल पर किसानों का कुल कितना गन्ना मूल्य बकाया है, उसका वर्षवार विवरण क्या है ?

(ङ) क्या गन्ना मूल्य बकाया पर किसानों को नियमानुसार बकाया राशि पर ब्याज अदा किया जाता है या किया जा रहा है ?

(च) यदि हाँ, तो उक्त का विवरण क्या है ?

**जनपद-गाजियाबाद में वर्ष 2007-08 में डूडा विभाग द्वारा निर्माण कराये गये भवनों के मूलभूत सुविधाओं के सम्बन्ध में**

श्री किरण पाल कश्यप
9

*9-(क) क्या नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन मंत्री बतायेंगे कि जनपद-गाजियाबाद में वर्ष 2007-08 में डूडा विभाग द्वारा 1136 भवनों का निर्माण कराया गया था, परन्तु यहां पर अभी तक मूलभूत सुविधा जैसे जल निकासी हेतु सीवर लाइन न होने के कारण जलभराव की समस्या बनी हुई है ?

नगर विकास तथा नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन मंत्री

(ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निराकरण हेतु सरकार कोई कार्य करायेगी तथा उक्त आवासों को नगर निगम के अन्तर्गत लायेगी ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों नहीं ?

**दिनांक 01 जनवरी, 2023 से 07 मार्च, 2024 तक सेवानिवृत कार्मिकों को नई पेंशन स्कीम के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली पेंशन के सम्बन्ध में**

श्री आशुतोष सिन्हा
10

*10-(क) क्या वित्त मंत्री बतायेंगे कि दिनांक 01 जनवरी, 2023 से 07 मार्च, 2024 तक नई पेंशन स्कीम के तहत प्रदेश के किसी कार्मिक की पेंशन जारी की गई है ?

वित्त मंत्री

(ख) यदि हाँ, तो उक्त सेवानिवृत कार्मिकों को मिलने वाली पेंशन की मासिक धनराशि क्या है ?

(ग) क्या वर्तमान में पुरानी पेंशन बहाल किये जाने की सरकार की कोई कार्य योजना है ?

(घ) यदि हाँ, तो उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ?

**नगर निगम, लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 में डीजल क्रय के लम्बित बिलों के भुगतान के सम्बन्ध में**

श्री अशोक अग्रवाल 11 — नगर विकास मंत्री

*11-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 06 फरवरी, 2024 जो आपको सम्बोधित, जनपद-लखनऊ के अन्तर्गत नगर निगम, लखनऊ द्वारा विगत वित्तीय वर्ष 2021-2022 के 02 वर्ष पूर्व लखनऊ के विभिन्न पेट्रोल पम्पों से डीजल क्रय किये जाने के लम्बित बिलों के भुगतान के सम्बन्ध में था, प्राप्त हुआ ?

(ख) यदि हाँ, तो पत्र के मुख्य बिन्दु क्या थे तथा उन पर अब तक क्या कार्यवाही हुई ?

(ग) क्या नगर निगम, लखनऊ द्वारा विगत वित्तीय वर्ष 2021-2022 के लम्बित बिलों की धनराशि रु0 1062265.00 डीजल/ पेट्रोल के बकाये का भुगतान कर दिया गया है ?

(घ) यदि हां, तो कब ?

**जनपद गोरखपुर के हरनही-सोनवर्षा-कटसहरा-मगहर मार्ग को राज्य मार्ग घोषित किये जाने के सम्बन्ध में**

श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह 12 — मुख्य मंत्री

*12-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद-गोरखपुर में दक्षिणांचल का अति महत्वपूर्ण मार्ग हरनही-सोनवर्षा-कटसहरा, मगहर मार्ग जिसको राज्य मार्ग घोषित कर उसके अनुरूप निर्माण कराने के सम्बन्ध में उप मुख्य मंत्री के द्वारा दिनांक 30 जून, 2021 को जनपद गोरखपुर भ्रमण के समय घोषणा की गयी थी ?

(ख) उक्त के सम्बन्ध में अभी तक क्या कार्यवाही की गयी ?

(ग) यदि नहीं, तो उप मुख्य मंत्री की घोषणा का अनुपालन अभी तक क्यों नहीं हुआ ?

(घ) कब तक उक्त मार्ग को स्टेट हाई-वे मार्ग बनाये जाने के सम्बन्ध में शासनादेश जारी करायेंगे ?

(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ?

**जनपद-हरदोई के ग्राम-समुखा, विकास खण्ड-माधौगंज में सिंचाई हेतु नलकूप को विद्युत कनेक्शन दिलाये जाने के सम्बन्ध में**

श्री अशोक अग्रवाल 13 — ऊर्जा मंत्री

*13-(क) क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 09 फरवरी, 2024 जो आपको सम्बोधित ग्राम समुखा, विकास खण्ड-माधौगंज, जनपद-हरदोई में सिंचाई के लिए

निजी नलकूप विद्युत कनेक्शन हेतु संख्या-1008370895 इनवाइस नम्बर-पी 53887409 द्वारा नलकूप विद्युत कनेक्शन निर्गत किये जाने विषयक था, प्राप्त हुआ है ?

(ख) यदि हाँ, तो पत्र के मुख्य बिन्दु क्या थे तथा जनहित में जनपद-हरदोई के अन्तर्गत किसानों की सिंचाई की कठिनाइयों को देखते हुए लम्बित आवेदन संख्या-1008370895 इनवाइस नम्बर-पी 53887409 प्राथमिकता पर निजी नलकूप का विद्युत कनेक्शन कर दिया गया है ?

(ग) यदि हाँ, तो कब ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

**मार्च, 2017 में नगर निगम, गोरखपुर में कराये गये कार्यों के बिलों के भुगतान के सम्बन्ध में**

श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह 14 — नगर विकास मंत्री

*14-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि मार्च, 2017 में मुख्य मंत्री के प्रथम गोरखपुर आगमन के समय नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम भवन, गोरखपुर की रंगाई-पुताई, टाइल्स के निर्माण का कार्य कराया गया था ?

(ख) क्या कार्यदायी एजेंसी कृति इण्टरप्राइजेज द्वारा भुगतान हेतु अपना बिल प्रस्तुत किया गया है ?

(ग) क्या उक्त भुगतान के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता का पत्र मण्डलायुक्त को दिनांक 21 मई, 2022 को प्राप्त हुआ है ?

(घ) यदि हाँ, तो भुगतान के सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गयी ?

(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ?

**जनपद-सिद्धार्थनगर में सहायक निबन्धक सहकारिता द्वारा निर्धारित धान क्रय केन्द्रों पर धान क्रय एवं भुगतान के सम्बन्ध में**

श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी 15 — सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

*15-(क) क्या सहकारिता मंत्री बतायेंगे कि डी0सी0एफ0 सिद्धार्थनगर के अधीन सहायक निबन्धक सहकारिता, सिद्धार्थनगर द्वारा कितने प्राइवेट व्यक्तियों द्वारा क्रय केन्द्र निर्धारित किये गये तथा इनके द्वारा जनपद में कितने किसानों का धान क्रय किया गया, कितने किसानों का कितनी मात्रा में धान क्रय किया गया ?

(ख) किसानों के हलका लेखपाल द्वारा धान की फसल लगाने की पड़ताल क्या है तथा धान केन्द्र पर कब खरीदा गया एवं उसका भुगतान कब किया गया ?

(ग) क्या उक्त का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

**दिनांक 15 मार्च, 2024 को नगर निगम, वाराणसी द्वारा जारी बजट के सम्बन्ध में**

श्री आशुतोष सिन्हा 16

*16-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि दिनांक 15 मार्च, 2024 को नगर निगम, वाराणसी का बजट जारी हुआ था ?

नगर विकास मंत्री

(ख) क्या उक्त तिथि से पूर्व ही मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, वाराणसी का कार्यकाल समाप्त हो चुका था ?

(ग) यदि हां, तो क्या उक्त का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

**जनपद सिद्धार्थनगर में डी0सी0एफ0 द्वारा बनाये गये धान क्रय केन्द्रों के सम्बन्ध में**

श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी 17

*17-(क) क्या सहकारिता मंत्री बतायेंगे कि जनपद सिद्धार्थनगर में धान क्रय केन्द्र डी0सी0एफ0 सिद्धार्थनगर द्वारा निर्धारित किये जाने की जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर को बिना विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों के क्रय केन्द्र बनाये जाने की क्या व्यवस्था थी ?

सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(ख) क्या सहायक निबन्धक सहकारिता जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा साधन सहकारी समितियों द्वारा न बनाये जाने के क्या कारण हैं ?

(ग) क्या खुलेआम प्राइवेट व्यक्तियों को धान केन्द्र प्रभारी बनाने के पीछे भारी धन उगाही की गयी है ?

(घ) क्या उत्तरदायी जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर द्वारा धान क्रय केन्द्र निर्धारण नीति की अवहेलना करने की विवशता का पूरा विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

**जनपद-लखनऊ के सुल्तानपुर रोड स्थित प्राइवेट कालोनियों/ सोसायटियों में रोड व नाली के कराये गये निर्माण के सम्बन्ध में**

डा0 मान सिंह यादव 18

*18-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि सुल्तानपुर रोड, लखनऊ स्थित प्राइवेट कालोनियों/सोसायटियों की कितनी रोड व नाली का निर्माण दिनांक 01 जनवरी, 2021 से दिनांक 01 जनवरी, 2024 के मध्य तक कराया गया है ?

नगर विकास मंत्री

(ख) क्या सुल्तानपुर रोड स्थित माढ़रमऊ कला, जनपद लखनऊ के निवासियों ने आराध्या ब्यूटी पार्लर तक सी0सी0

रोड व नाली बनाये जाने हेतु आपको दिनांक 02 फरवरी, 2024 को जनसुनवाई के दौरान पत्र प्रेषित किया है, जिसके क्रम में आपके कार्यालय से पंत्राक सं0-37538/सामान्य/मं0नं0वि0ऊ0अ0ऊ0/2024, दिनांक 20 फरवरी, 2024 को नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ को रोड व नाली बनाये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है ?

(ग) यदि हाँ, तो क्या उक्त स्थान पर उक्त रोड व नाली का निर्माण करा दिया गया है ?

(घ) यदि नहीं, तो कब तक उक्त स्थान पर उक्त रोड व नाली का निर्माण करायेंगे ?

(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ?

**जनपद-आगरा की सदर तहसील में शमशाबाद रोड स्थित कालोनी में सीवर लाइन को मुख्य लाइन से जोड़ने के सम्बन्ध में**

डा0 आकाश अग्रवाल 19 — नगर विकास मंत्री

*19-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद आगरा की सदर तहसील में शमशाबाद रोड पर कावेरी विहार फेस-1 कॉलोनी स्थित है एवं इस कॉलोनी में सीवर पाइप लाइन का निर्माण कार्य कई वर्ष पूर्व कर दिया गया, परन्तु आज तक यह सीवर लाइन मुख्य लाइन से जोड़ी नहीं गई है ?

(ख) सीवर पाइप लाइन कब तक मुख्य लाइन से जोड़ दी जायेगी ?

(ग) उक्त सीवर लाइन को बनाने में कितने करोड़ रुपये का खर्चा आया है और जब इस सीवर लाइन को चालू नहीं कराया जाना था, तो जो करोड़ों रुपये खर्च हुए हैं उसके लिए कौन-कौन से अधिकारी जिम्मेदार हैं ?

(घ) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

**जनपद-गोरखपुर के मोहल्ला पट्टन ग्रीन सिटी में बन रहे नाले के निर्माण की समयावधि के सम्बन्ध में**

डा0 मान सिंह यादव 20 — नगर विकास मंत्री

*20-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि मोहल्ला पट्टन ग्रीन सिटी जनपद-गोरखपुर में स्वतन्त्रता संग्राम तिराहे से सेन्ट जोसफ स्कूल तक बन रहे नाले का निर्माण दिये गये समयावधि में पूर्ण हुआ है ?

(ख) यदि उक्त कार्य समयावधि में नहीं पूर्ण हुआ तो स्थानीय नागरिकों को हुई परेशानी को देखते हुये क्या कार्यवाही की गयी है तथा निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप है ?

(ग) क्या उपरोक्त स्थान से सम्बन्धित स्थानीय नागरिकों द्वारा वहाँ चल रहे भवन निर्माण सामग्री की दुकानों द्वारा फैलाये जा रहे प्रदूषण व ओवरलोड वाहनों द्वारा हो रही नगर निगम की सड़क व नाली की क्षति से संबंधित समस्या का समाधान कराये जाने हेतु जिलाधिकारी व नगर आयुक्त, नगर निगम, गोरखपुर को पत्र प्राप्त हुआ है ?

(घ) यदि हां, तो उक्त पत्र के मुख्य बिन्दु क्या-क्या थे और उक्त बिन्दुओं पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है ?

(ङ) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(च) यदि नहीं, तो क्यों ?

**आगरा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति के समय की जानकारी के सम्बन्ध में**

डा0 आकाश अग्रवाल
21

*21-(क) क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि आगरा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कितने घण्टे विद्युत आपूर्ति की जा रही है ?

ऊर्जा मंत्री

(ख) यदि विद्युत आपूर्ति काटी जाती है तो उसका समय क्या रहता है ?

(ग) आगरा जिले के शमशाबाद ब्लॉक के गांव-गढ़ी जहान सिंह रोड में जो एलेन कान्वेंट स्कूल स्थित है पूर्व के कई माह से इस क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति दिन के समय बाधित की जा रही है, जिससे क्षेत्र एवं विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को बहुत असुविधा का सामना करना पड़ रहा है ?

(घ) उक्त समस्या का कब तक निराकरण करायेंगे ?

**जल निगम द्वारा कराई जाने वाली सबमर्सिबल बोरिंग में लगाये जाने वाली मोटर, टंकी तथा पाइप के मानक के सम्बन्ध में**

श्री राज बहादुर सिंह चन्देल
22

*22-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जल निगम द्वारा कराई जाने वाली सबमर्सिबल बोरिंग में लगाये जाने वाली मोटर, टंकी तथा पाइप का क्या मानक है ?

नगर विकास मंत्री

(ख) क्या जल निगम, कानपुर नगर द्वारा गोविन्द नगर, कानपुर क्षेत्र के ब्लाक-13 में वर्ष 2022 में याचिका समिति के माध्यम से लगाये गये सबमर्सिबल को मानक के अनुसार

लगाया गया था और क्या यह वर्तमान में सुचारु रूप से संचालित है ?

(ग) यदि हां, तो लगाई गई मोटर की कम्पनी तथा उसके मेकिंग के प्रपत्र उपलब्ध करायेंगे ?

**जनपद-सहारनपुर के आस-पास जनपदों में यूकेलिप्टस व पॉपुलर की उपज के दृष्टिगत प्लाइवुड इण्डस्ट्री लगाये जाने के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री शाहनवाज खान<br>23 | *23-(क) क्या पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सहारनपुर तथा आस-पास के जनपदों में किसानों की आय का बहुत बड़ा साधन यूकेलिप्टस व पॉपुलर की उपज से सम्बन्ध रखता है ? | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

(ख) पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कोई भी प्लाइवुड इण्डस्ट्री न होने के कारण किसान अपनी सारी पॉपुलर व यूकेलिप्टस की उपज पड़ोसी राज्य हरियाणा के शहर यमुनानगर में बेचकर आता है ?

(ग) क्या किसानों की उपज के बेहतर दाम, गैर राज्य में उत्पीड़न से बचाव, खर्चे में कमी तथा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार जनपद सहारनपुर में प्लाइवुड इण्डस्ट्री को स्थापित करायेगी ?

(घ) यदि हाँ, तो कब तक ?

**जल निगम द्वारा पाइप लाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गयी सड़कों को बनाये जाने की कार्य योजना बनाये जाने के सम्बन्ध में**

| | | |
|---|---|---|
| श्री किरण पाल कश्यप<br>24 | *24-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में नगर निगम द्वारा सड़क बनाने के उपरान्त उसको जल निगम विभाग द्वारा तोड़ कर पानी की पाइप लाइन बिछायी जाती है, जिस कारणवश सड़कें ऐसे खराब पड़ी रहती हैं तथा सड़क खराब होने के कारण आने-जाने में परेशानी होती है ? | नगर विकास मंत्री |

(ख) क्या उक्त प्रकरण पर सरकार द्वारा कोई कार्यवाही या कार्य योजना बनाकर सड़क बनाने पर विचार किया जायेगा ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

## जनपद-सहारनपुर में शहर से सटी कालोनियों का विद्युतीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में

श्री शाहनवाज खान 25 — ऊर्जा मंत्री

*25-(क) क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सहारनपुर में शहर से सटी ज्यादातर कॉलोनियों का विद्युतीकरण नहीं हो पाया है ?

(ख) यदि हां, तो क्यों नहीं हो पाया है ?

(ग) जनपद की ही विधान सभा सहारनपुर देहात-04 के ज्यादातर गांवों में बिजली के ट्रांसफार्मर ओवरलोड हैं, यदि उनकी क्षमता वृद्धि बढ़ाने का कोई प्रस्ताव आया है, तो कब तक ओवरलोड ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि बढ़ाये जाने का कार्य पूर्ण करायेंगे ?

## अतारांकित प्रश्न

डा0 मान सिंह यादव 1 — मुख्य मंत्री

1-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि छठे माइलस्टोन चिकम्बरपुर, यू0पी0 बार्डर गाजियाबाद पर स्थित व्यवसायिक भूमियों पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अनियमित तरीके से अनाधिकृत कब्जे करा लिये गये हैं ?

(ख) क्या उक्त प्रकरण में तहसील प्रशासन से जाँच भी करायी गयी है ?

(ग) उक्त स्थानों पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जे0डी0ए0) द्वारा जो प्लाट किराये पर दिये गये हैं उनकी लीज डीड कितने समय के लिये दी गयी है और उनका क्षेत्रफल कितना है ?

(घ) क्या उक्त की जाँच रिपोर्ट व नक्शा सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ?

डा0 मान सिंह यादव 2 — नगर विकास मंत्री

2-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद लखनऊ के जे0बी0 गार्डेन कालोनी पूर्वीदीन खेड़ा पारा लखनऊ में बबलू सिंह के मकान से पाल डेयरी तक तथा श्रीमती सुशीला शुक्ला के मकान के पास के चौराहे से शंकर जी के मन्दिर तक लगे बिजली के पोलों पर स्ट्रीट लाइटें नहीं लगी होने के कारण अंधेरा बना रहता है ?

(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त स्थानों पर लगे बिजली के पोलों पर स्ट्रीट लाइटें लगवायेंगे ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| डा0 मान सिंह यादव<br>3 | 3-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि गुलजार कॉलोनी, चिनहट तिराहा, लखनऊ स्टोन गैलरी के पीछे लेन न0 3-A मकान नं0-633/90 जुनैद अंसारी के मकान से मकान नं0-633/95 अख्तर जहाँ के मकान तक लगभग 100 मीटर का रास्ता कच्चा तथा जर्जर है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त रास्ते पर सी0सी0 रोड तथा नाली का निर्माण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>4 | 4-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि ग्राम सलेमपुर पतौरा, पोस्ट-काकोरी, थाना-पारा, जनपद-लखनऊ में रज्जन लाल के घर से जूनियर बेसिक विद्यालय के मध्य लगे लगभग 5 बिजली खम्भों पर स्ट्रीट लाइटें न होने से अंधेरा बना रहता है, जिससे रात में वहाँ के निवासियों को आने-जाने में कठिनाई होती है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो पोलों पर स्ट्रीट लाइटें लगवायेंगे ?<br>(ग) यदि हां, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास मंत्री |
| श्री आशुतोष सिन्हा<br>5 | 5-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद उन्नाव में नगर पालिका परिषद् के आवास विकास कालोनी वाजिदपुर उर्फ राजेपुर में अर्जुन किराना जनरल स्टोर से हनुमान मन्दिर होते हुये कमल वीर ब्राइट फ्यूचर एकेडमी तक लगभग 500 मी0 सड़क व नाली खराब है तथा उक्त सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गये हैं ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त सड़क तथा नाली का निर्माण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>6 | 6-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद लखनऊ की विहार कालोनी वादरखेड़ा, बुद्धेश्वर मोहान रोड में आशीष कुमार यादव के घर से मेन रोड तक लगभग 50 मीटर रोड व नाली बनाये जाने का प्रस्ताव/आगणन नगर निगम कार्यालय लखनऊ में विचाराधीन है ? | नगर विकास मंत्री |

(ख) यदि हाँ, तो क्या दिनांक 14 मार्च, 2024 तक उक्त आगणन की स्वीकृति/कार्य पूर्ण नहीं कराया गया है ?

(ग) यदि हाँ, तो उक्त कार्य को कब तक पूर्ण करा दिया जायेगा ?

डा0 मान सिंह यादव 7 — ऊर्जा मंत्री

7-(क) क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि न्यू दुर्गापुरी कालोनी वादरखेड़ा बुद्धेश्वर, मोहान रोड, लखनऊ के निवासियों को विद्युत कनेक्शन दिये जाने हेतु आशुतोष सिन्हा, सभापति, संसदीय एवं सामाजिक सद्भाव समिति उ0 प्र0 विधान परिषद् का दिनांक 06 मार्च, 2024 का पत्र जो कि प्रमुख सचिव मुख्य मंत्री को सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है ?

(ख) यदि हाँ, तो उक्त पत्र के मुख्य बिन्दु क्या-क्या थे और पत्र में इंगित सभी व्यक्तियों को नया विद्युत कनेक्शन प्रदान करा दिया गया है ?

डा0 मान सिंह यादव 8 — ऊर्जा मंत्री

8-(क) क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि वादरखेड़ा पावर हाउस रहमानखेड़ा, जनपद-लखनऊ में स्थापित ट्रान्सफार्मर कितने के0वी0ए0 का है और उक्त ट्रान्सफार्मर के अन्तर्गत कितने विद्युत कनेक्शन कितने-कितने वाट के वितरित किये गये हैं ?

(ख) क्या उक्त ट्रान्सफार्मर की क्षमता से अधिक नये विद्युत कनेक्शन वितरित किये गये हैं ?

(ग) यदि हाँ, तो क्या उक्त ट्रान्सफार्मर की क्षमता बढ़वायेंगे ?

(घ) यदि नहीं तो क्यों ?

डा0 मान सिंह यादव 9 — ऊर्जा मंत्री

9-(क) क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि ग्राम सलेमपुर पतौरा, पावर हाउस रहमानखेड़ा जनपद-लखनऊ में नया विद्युत पोल लगाने हेतु विद्युत विभाग के द्वारा बनाये गये आगणन के अनुसार संबंधित व्यक्तियों द्वारा अप्लीकेशन नं0-1010669089, इनवाइस नं0-जे-63680762 दिनांक 15 मई, 2023 को रुपये 29848/-जमा किया गया है ?

(ख) यदि हाँ, तो संबंधित व्यक्तियों के घर के सामने जमा किये गये आगणन के अनुसार नया विद्युत पोल लगा दिया गया है ?

(ग) यदि हाँ, तो कब ?

(घ) यदि नहीं, तो उक्त विलम्ब के क्या कारण हैं और विद्युत विभाग के अनुसार बनाये गये आगणन के आधार पर

जमा की गयी धनराशि के बावजूद भी उक्त कार्य में विलम्ब करने वाले संबंधित कार्मिकों का उत्तरदायित्व निधारित कराते हुए कार्यवाही करायेंगे ?

(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ?

डा0 मान सिंह यादव 10 — 10-[अन्तरित]

श्री आशुतोष सिन्हा 11 — नगर विकास मंत्री

11-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद उन्नाव शहर के सिविल लाइन (दरोगा बाद) में जायसवाल स्वीट एण्ड जनरल स्टोर के बगल वाली गली में राजेश पत्रकार के घर तक पेयजल की सप्लाई की जा रही है ?

(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त पेयजल लोगों के पीने योग्य है, या दुर्गन्धयुक्त पानी की सप्लाई की जाती है ?

(ग) यदि हां, तो उक्त पेयजल को पीने योग्य बनायेंगे ?

(घ) क्या उक्त पेयजल की लैब टेस्टिंग कराकर रिपोर्ट सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री आशुतोष सिन्हा 12 — ऊर्जा मंत्री

12-(क) क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि ग्राम-पवई, वि0ख0-बिछिया, जिला उन्नाव में पिछले लगभग 5 वर्ष पूर्व विद्युतीकरण किया गया था ?

(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त ग्राम के कुछ भागों को विद्युतीकरण से छोड़ दिया गया था ?

(ग) यदि हाँ, तो उक्त छूटे हुये भाग का विद्युतीकरण करायेंगे ?

(घ) यदि हां, तो कब तक ?

(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ?

डा0 मान सिंह यादव 13 — मुख्य मंत्री

13-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि कामर्शियल कानपुर रोड स्कीम सेक्टर-बी, लखनऊ में आवंटित भू-खण्डों का नाप करवाकर मार्किंग करवाये जाने हेतु आशुतोष सिन्हा, सभापति, संसदीय एवं सामाजिक सद्‌भाव समिति वि0प0 उत्तर प्रदेश का दिनांक 13 मार्च, 2024 का पत्र जोकि अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है ?

(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त भू-खण्डों की नाप करवाकर मार्किंग करा दी गयी है ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

(घ) उक्त विलम्ब के क्या कारण हैं और इसके लिये कौन-कौन उत्तरदायी है ?

| | | |
|---|---|---|
| डा0 मान सिंह यादव<br>14 | 14-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद-प्रयागराज के ट्रान्सपोर्ट नगर में धर्मवीर मूर्ति चौराहे से कानपुर-देहली ट्रान्सपोर्ट कम्पनी के सामने से होते हुए मकान नम्बर-75 ए नीम सरांय तक रास्ता अत्यन्त खराब है, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु सड़क का डामरीकरण/लेपन कार्य करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>15 | 15-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद-प्रयागराज में ट्रान्सपोर्ट नगर के निकट मोहल्ला नीम सरांय में मकान नम्बर-75 ए से नीम सरांय इमामबाड़ा तक रास्ता अत्यन्त खराब है, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु इण्टरलॉकिंग/सी0सी0 सड़क तथा नाली का निर्माण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>16 | 16-(क) क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि पिलकिछा पावर हाउस व डिवीजन सूईथाखुर्द, जनपद-जौनपुर के अन्तर्गत दिनांक 01 जनवरी, 2024 से 20 मार्च, 2024 तक कितने नये विद्युत कनेक्शन हेतु आनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं और उनमें से कितने स्वीकृत हुए हैं ?<br>(ख) उक्त पावर हाउस के अन्तर्गत उक्त अवधि में किन-किन स्थानों पर विद्युतीकरण किया गया है ?<br>(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | ऊर्जा मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>17 | 17-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि न्यू दुर्गापुरी कालोनी वादरखेड़ा बुद्धेश्वर में किन-किन स्थानों पर नाली की समुचित व्यवस्था न होने के कारण स्थानीय जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? | नगर विकास मंत्री |

(ख) क्या उक्त कालोनी में नाली बनाये जाने का प्रस्ताव नगर निगम, लखनऊ में विचारधीन है ?

(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(घ) उक्त कार्यों को कब तक पूर्ण करायेंगे ?

| | | |
|---|---|---|
| डा0 मान सिंह यादव<br>18 | 18-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि नगर निगम सीमा लखनऊ के अन्तर्गत हाल ही में आने वाले नये ग्रामों/कालोनियों के अन्तर्गत कौन-कौन से कार्य कराये जाने का लक्ष्य है ?<br>(ख) उक्त लक्ष्य के सापेक्ष उक्त कार्यों को कब तक कराया जाना है ?<br>(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>19 | 19-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि नगर निगम सीमा लखनऊ के अन्तर्गत हाल ही में आने वाले नये ग्रामों/कालोनियों के अन्तर्गत रहने वाले अध्यासियों को कब से हाउस टैक्स देना पड़ेगा ?<br>(ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>20 | 20-(क) क्या नगर विकास मंत्री, विधान परिषद् के प्रथम सत्र, 2024 के द्वितीय सोमवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-13 के प्राप्त उत्तर के खण्ड-ख के क्रम में बतायेंगे कि प्रश्नगत मार्ग पर अनुमानित लागत 19 लाख के वित्तीय संसाधनों पर निर्माण निर्भर है, कहा गया है ?<br>(ख) क्या उक्त मार्ग का निर्माण करा दिया गया है ?<br>(ग) यदि हां, तो कब ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>21 | 21-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि उन्नाव के लोक नगर में स्थित राधे-राधे पैलेस से लेकर पियूष शर्मा के घर तक लगभग 300 मीटर मार्ग कच्चा है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त मार्ग के नाले पर पुलिया का निर्माण कराकर सड़क पर इण्टरलॉकिंग करायेंगे ? | नगर विकास मंत्री |

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

डा0 मान सिंह यादव 22 — 22-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि प्रयागराज जिले के दारागंज कोतवाली के बगल में स्थित मण्डी के अन्दर नाली कितनी पुरानी और आकार में कितने व्यास की है ? — नगर विकास मंत्री

(ख) क्या उपरोक्त नाली की कालातीत दशा, आकार में न्यूनतम प्रकृति तथा स्थानीय आबादी के अनुपात में अपर्याप्त क्षमता को दृष्टिगत रखते हुए वहां पर बड़े आकार के व्यास वाले पाइप डालकर लगभग 100 मीटर नाली का निर्माण करायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

डा0 मान सिंह यादव 23 — 23-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद-लखनऊ में सुल्तानपुर राजमार्ग स्थित कमला कालोनी, माढरमऊ कलां में अभिषेक सिंह के मकान से पशु चिकित्सालय तक लगभग 300 मीटर तक रोड बनाये जाने का सर्वे करके आगणन बनाया गया था ? — नगर विकास मंत्री

(ख) यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है ?

(ग) उपरोक्त आगणन के अनुसार उक्त मार्ग के निर्माण में क्या कठिनाइयां हैं ?

(घ) उपरोक्त कठिनाइयों का निवारण करके कब तक उपरोक्त मार्ग का निर्माण करायेंगे ?

(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी 24 — 24-[पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त]

डा0 मान सिंह यादव 25 — 25-(क) क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि समाखेड़ा रोड, कल्ली पश्चिम रायबरेली रोड लखनऊ से अन्दर की ओर जाने वाले रास्ते पर विद्युत पोल सड़क के बीच में होने के कारण एवं कई गलियों में विद्युत की समुचित व्यवस्था न होने के कारण राहगीरों/कालोनीवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? — ऊर्जा मंत्री

(ख) यदि हाँ, तो कब तक बीच सड़क से विद्युत पोल हटवाते हुए पूरे मोहल्ले में विद्युत की समुचित व्यवस्था करायेंगे ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| डा0 मान सिंह यादव<br>26 | 26-(क) क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश के जनपद-उन्नाव, तहसील-पुरवा की ग्राम पंचायत-सन्दाना के मजरे गुरू खेड़ा (स्वयम्बर खेड़ा) विद्युतीकरण से अभी तक वंचित रह गया है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त मजरे का विद्युतीकरण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>27 | 27-(क) क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि ग्राम-तिघरा, थाना-खुटहन, जनपद-जौनपुर में कुलदीप के घर के बगल से राजेन्द्र प्रसाद की ट्यूबवेल तक एवं बनारसी के घर से कम्पू सिंह के घर तक पोल की कमी होने के कारण उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की कमी का सामना करना पड़ता है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो क्या किसानों व उपभोक्ताओं की समस्याओं के दृष्टिगत पोल लगाकर उक्त समस्या का समाधान करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>28 | 28-(क) क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि ग्राम सभा-वमेरिया बुजुर्ग बाँगरमऊ, जनपद-उन्नाव के निवासियों की विद्युत सम्बन्धी समस्या का समाधान कराये जाने के सम्बन्ध में श्री आशुतोष सिन्हा, सभापति, संसदीय एवं सामाजिक सद्भाव समिति, उ0प्र0 विधान परिषद् का पत्र दिनांक 26 फरवरी, 2024 जो कि प्रमुख सचिव, मुख्य मंत्री को संबोधित था, प्राप्त हुआ है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त पत्र के साथ ग्रामीणों के संलग्न प्रार्थना-पत्र के मुख्य बिन्दु क्या-क्या थे और उक्त बिन्दुओं के आधार पर अब तक क्या कार्यवाही हुई है ?<br>(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>29 | 29-(क) क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि रहमानखेड़ा पावर हाउस से वादरखेड़ा, जनपद-लखनऊ तक आने वाली लाइन के ऊपर आने वाले पौधों की छटाई पिछले दो वर्षों में कब-कब हुई है ? | ऊर्जा मंत्री |

(ख) क्या उक्त लाइन को बार-बार कट भी किया जाता है जिस कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है ?

(ग) यदि हाँ, तो क्या उक्त समस्या का समाधान शीघ्र करायेंगे ?

श्री पवन कुमार सिंह 30 — मुख्य मंत्री

30-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर में विकास खण्ड-पहला के अन्तर्गत ग्राम सभा-देवकलिया, ग्राम लटुआ से अमईपुर तक की दूरी जो लगभग 01 किमी0 है, का रास्ता अत्यन्त खराब है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती है ?

(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त समस्या के निदान हेतु मार्ग का निर्माण करायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री पवन कुमार सिंह 31 — मुख्य मंत्री

31-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर में लहरपुर से सटी हुई ग्राम सभा-रामयुग (केसरीगंज) के अन्तर्गत केसरीगंज तहसील रोड चौराहे से नवीनगर बाजार तक के रास्ते की दूरी जो लगभग 700 मी0 है, अत्यन्त खराब है, जिससे लखीमपुर के हरगांव रोड पर जाम की स्थिति हो जाती है ?

(ख) यदि हाँ, तो क्या केसरीगंज तहसील रोड चौराहे से नवीनगर बाजार तक इण्टरलॉकिंग मार्ग का निर्माण करायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री पवन कुमार सिंह 32 — मुख्य मंत्री

32-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर में विकास खण्ड पहला के अन्तर्गत ग्राम सभा-देवकलिया जंगलपुरवा में राधा कृष्ण मंदिर से भीखमपुर तक की दूरी जो लगभग 01 किमी0 है, का रास्ता अत्यन्त खराब है, जिससे लोगों को आवगमन में परेशानी होती है ?

(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त समस्या के निदान हेतु मार्ग का निर्माण करायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| डा0 मान सिंह यादव<br>33 | 33-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि मोहल्ला तिलकनगर, ऐशबाग, लखनऊ में मान दुग्ध भण्डार के सामने वहाँ के निवासियों द्वारा कूड़ा डाला जाता है ?<br>(ख) उक्त कूड़ा हवा/जानवरों के द्वारा फैलाकर इधर-उधर काफी दूर तक फैल जाता है, जिससे सड़क पर तथा घरों के सामने काफी गन्दगी फैली रहती है ?<br>(ग) यदि हाँ, तो क्या उक्त कूड़े को डालने हेतु कोई समुचित व्यवस्था (कूड़ेदान) करायेंगे ?<br>(घ) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास मंत्री |
| डा0 मान सिंह यादव<br>34 | 34-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद-अयोध्या की तहसील सोहावाल के अन्तर्गत बन्धवा बाजार से नई बाजार होते हुये राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-27 को जोड़ने वाला मार्ग की रोड जो लगभग 10 कि0मी0 है, गड्ढायुक्त है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त रोड का पुनः निर्माण कराकर सदन को अवगत करायेंगे ?<br>(ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | मुख्य मंत्री |
| श्री पवन कुमार सिंह<br>35 | 35-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर में विकास खण्ड पहला जिला पंचायत वार्ड सं0-59 में इटौहा मोड़ के पास सागर के खेत से गिरन्ट गांव खड़न्जे तक की दूरी जो लगभग 500 मी0 है, का रास्ता अत्यन्त खराब है जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त समस्या के निदान हेतु आर0सी0सी0 सड़क का निर्माण करायेंगे ?<br>(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?<br>(घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | मुख्य मंत्री |
| श्री पवन कुमार सिंह<br>36 | 36-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर में विकास खण्ड सिधौली, ग्राम पंचायत सरसौली से अकोहरा मार्ग तक की दूरी, जो लगभग 500 मी0 है, का रास्ता अत्यन्त ऊबड़-खाबड़ है जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त समस्या के निदान हेतु मार्ग पर लेपन का कार्य करायेंगे ? | मुख्य मंत्री |

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

डा0 मान सिंह यादव 37

37-(क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद लखनऊ में नगर निगम द्वारा दुकान आवंटित किये जाने के सम्बन्ध में हंसराज विश्वकर्मा, सदस्य, विधान परिषद् का पत्र दिनांक 27 सितम्बर, 2023 जोकि मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश को सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है ? — नगर विकास मंत्री

(ख) यदि हाँ, तो क्या पत्र में इंगित सभी व्यक्तियों को पत्र में इंगित परेशानियों/आधार पर दुकानें आवंटित करा दी गयी हैं ?

(ग) यदि नहीं, तो क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

डा0 मान सिंह यादव 38

38-(क) क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि ग्राम तिघरा, जनपद जौनपुर में मानक के अनुरूप विद्युत पोल न होने के कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ? — ऊर्जा मंत्री

(ख) यदि हाँ, तो कब तक उक्त स्थान पर मानक के अनुरूप विद्युत पोल लगवा दिये जायेंगे ?

(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री पवन कुमार सिंह 39

39-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद सीतापुर में विकास खण्ड-सिधौली, जिला पंचायत वार्ड 55 में नई बस्ती में खड़न्जे से पुलिया तक दूरी जो लगभग 500 मी0 है, का रास्ता अत्यन्त खराब है जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती है ? — मुख्य मंत्री

(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त समस्या के निदान हेतु इण्टरलॉकिंग का कार्य करायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री आशुतोष सिन्हा<br>40 | 40-(क) क्या वन मंत्री बतायेंगे कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में वाराणसी, मिर्जापुर व आजमगढ़ मण्डल के अन्तर्गत वृक्षारोपण की क्या कार्य योजना थी और लक्ष्य के सापेक्ष कितना कार्य किया गया है ?<br>(ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?<br>(ग) यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

--------

# नत्थी 'घ'

**याचिका की प्रतिलिपि**

**(नियम-213 के अन्तर्गत दी गई याचिका)**

सेवा में,

माननीय सदन,

विधान परिषद्,

उत्तर प्रदेश।

**विषयः-** जनपद सीतापुर, विकास खण्ड बिसवां के ग्राम बजेहरा में पेंटेड रोड से नदी घाट तक इण्टरलॉकिंग निर्माण करवाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

श्रीमान जी को अवगत कराना है कि ग्राम बजेहरा में पेंटेड रोड से नदी घाट तक रास्ता दूरी लगभग 250 मीटर रोड अत्यन्त खराब है। ग्रामीणों का बाहर जाने हेतु मुख्य रास्ता अत्यन्त खराब स्थित में होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

अतः हम प्रार्थीगण माननीय सदन से विनम्र अनुरोध करते हैं कि विकास खण्ड बिसवां के ग्राम बजेहरा में पेंटेड रोड से नदी घाट तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कराये जाने की कृपा करें।

जबकि उक्त कार्य हेतु जनपद स्तर पर धन उपलब्ध है।

प्रार्थीगण,

05 व्यक्तियों के हस्ताक्षर,

निवासी-ग्राम-बजेहरा, बिसवां,

जनपद-सीतापुर।

# नत्थी 'ङ'

**याचिका की प्रतिलिपि**

**(नियम-213 के अन्तर्गत दी गई याचिका)**

सेवा में,

माननीय सदन,

विधान परिषद्,

उत्तर प्रदेश।

**विषय** :-जनपद सीतापुर, विकास खण्ड बिसवां के ग्राम गोधनी सरैंया मजरा बड़हीडीहा में रामचन्द्र के घर से बसदहा मार्ग पेंटेड रोड तक सड़क निर्माण करवाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

श्रीमान जी को अवगत कराना है कि ग्राम गोधनी सरैंया मजरा बड़हीडीहा में रामचन्द्र के घर से बसदहा मार्ग पेंटेड रोड तक रास्ता दूरी लगभग 660 मीटर रोड अत्यन्त खराब है। मार्ग पर लगा खड़ंजा अत्यन्त खराब स्थित में होने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है एवं दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है।

अतः हम प्रार्थीगण माननीय सदन से विनम्र अनुरोध करते हैं कि विकास खण्ड बिसवां के ग्राम गोधनी सरैंया मजरा बड़हीडीहा में रामचन्द्र के घर से बसदहा मार्ग पेंटेड रोड तक सड़क निर्माण कराये जाने की कृपा करें। जबकि उक्त कार्य हेतु जनपद स्तर पर धन उपलब्ध है।

प्रार्थीगण,

05 व्यक्तियों के हस्ताक्षर,

ग्राम-गोधनी सरैंया, निवासी-बिसवां,

जनपद-सीतापुर।

# नत्थी 'च'

**याचिका की प्रतिलिपि**

**(नियम-213 के अन्तर्गत दी गई याचिका)**

सेवा में,

माननीय सदन,

विधान परिषद्,

उत्तर प्रदेश।

**विषय :-** जनपद मिर्जापुर के अन्तर्गत ग्राम-भैंसा, पोस्ट व थाना-कछवॉ, कछवॉ रोड से होकर कछवॉ बाजार जाने वाले रास्ते डामरीकृत (रोड) से लेकर पासी बस्ती तक लगभग 700 मी0 सी0सी0 रोड का कार्य एवं नाली का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

हम समस्त हस्ताक्षरकर्ता, ग्राम-भैंसा, पोस्ट व थाना-कछवॉ जनपद मिर्जापुर के निवासी हैं, डामरीकृत (रोड) से लेकर पासी बस्ती तक लगभग 700 मी0 कच्ची व क्षतिग्रस्त रास्ता होने के कारण बहुत कठिनाइयां होती है, जैसे की वर्षा के समय जलभराव एवं कीचड़ की स्थिति बनी रहती है। इस मार्ग से निकलने वाले राहगीर, क्षेत्रीय निवासी एवं स्कूली बच्चे आये दिन चोटिल होते रहते हैं, कई बार क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा ग्राम प्रधान, ग्राम सभा सेक्रेटरी को अवगत कराये जाने के बावजूद कोई व्यवस्था नहीं की गयी है एवं स्थिति जस की तस है। राज्य व जिला स्तर पर प्रयास किया गया परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

अतः कृपया डामरीकृत (रोड) से लेकर पासी बस्ती, तक लगभग 700 मी0 लम्बी एवं 10 फुट चौड़ी सी0सी0 रोड के साथ ही नाली का निर्माण कराये जाने हेतु प्रकरण याचिका समिति के माध्यम से निस्तारित कराने की कृपा करें। जो कि जिला स्तर पर धन उपलब्ध है।

प्रार्थीगण,

06 व्यक्तियों के हस्ताक्षर,

समस्त निवासीगण,

ग्राम-भैंसा,

पोस्ट व थाना-कछवॉ

जनपद-मिर्जापुर।

---------

निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उत्तर प्रदेश (लखनऊ) द्वारा मुद्रित।